Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University

(Accredited A++ by NAAC)

University in News on 17 August 2024

Dainik Jagran
Page - 06, 04

गोरखपुर विश्वविद्यालय में ध्वजारोहण करतीं कुलपति प्रो. पूनम टंडन • जागरण

टापरों की सूची में चमक रही कालेजों की मेधा

- गोरखपुर विश्वविद्यालय की टापरों की अंतरिम सूची में 49 में से 14 टापर कालेजों के
- 28.57 प्रतिशत है कालेजों की भागीदारी, बीए, बीकाम, बीएड व एमएड में भी पीछे छूटा गोवि

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : पूर्वांचल में उच्च शिक्षा के स्तर में निरंतर वृद्धि दर्ज की जा रही है। बीते कुछ वर्षों में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के टापरों की सूची बढ़ी कालेजों की मेधा की भागीदारी इसका प्रमाण है। अंतिम पांच शैक्षिक सत्र के स्वर्ण पदक के आंकड़े बताते हैं कि अब इस पर केवल विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का ही अधिकार नहीं रहा, कालेजों ने भी प्रभावी उपस्थिति दर्ज कराई है। 43वें दीक्षा समारोह के लिए जारी 49 टापरों की अंतरिम सूची में 14 टापर कालेजों के हैं। खास बात यह है कि यह सभी टापर प्रमुख पाठ्यक्रमों के हैं। इनमें बीए, बीएड, एमएड, बीकाम, एमकाम जैसे पाठ्यक्रम भी शामिल हैं। टापरों की सूची में कालेजों की मेधा की मौजूदगी का मूल्यांकन यदि प्रतिशत में करें तो यह भागीदारी 28.57 प्रतिशत है। बीते सत्र में यह 36.84 प्रतिशत है। यदि बीते सत्र को छोड़ दिया जाए तो प्राप्त आंकड़ों के अनुसार उसके पहले के तीन सत्र में वर्ष-दर-वर्ष टापरों की सूची में कालेजों का प्रदर्शन सुधरा है। गौर करने वाली बात यह भी है कि स्वर्ण पदक पाने वालों की सूची में केवल गोरखपुर ही नहीं, बल्कि देवरिया व कुशीनगर के कालेजों के विद्यार्थी भी शामिल हैं। कई विद्यार्थी तो ग्रामीण क्षेत्रों में कालेजों के रहे हैं।

49 में 38 टापर छात्राएं: अगर 43वें दीक्षा समारोह के टापरों की अंतरिम सूची में छात्राओं की भागीदारी भी गौर करने योग्य है। कुल 49 पाठ्यक्रमों में स्वर्ण पदक पाने वाली छात्राओं की संख्या 38 है। प्रतिशत में छात्राओं की भागीदारी करीब 77.55है।

बीते पांच सत्र में ऐसी रही टापरों में कालेजों की भागीदारी

39वां	54	8	15.00 प्रतिशत
40वां	46	8	17.39 प्रतिशत
41वां	48	9	18.75 प्रतिशत
42वां	57	21	36.84 प्रतिशत
43वां	49	14	28.57 प्रतिशत

विश्वविद्यालय के स्वर्ण पदकों में कालेज के विद्यार्थियों की बढ़ती भागीदारी उच्च शिक्षा में गुणवत्ता के विकास का अच्छा संकेत है। इससे नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मकसद भी पूरा होता दिख रहा है। कालेजों को बढ़ावा देने के लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से कई और योजनाएं बनाई गई हैं। उसपर निरंतर कार्य हो रहा है।
प्रो. पूनम टंडन, कुलपति, दीदउ गोरखपुर विश्वविद्यालय

43वें दीक्षा समारोह में कालेजों के टापर
बीए : तृप्ति सिंह, एसबीडी महिला महाविद्यालय, काकावल, गौरीबाजार,
एमए प्राचीन इतिहास : कमलेश साहनी, महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़,
एमए भूगोल : दीपचंद, महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर
एमए हिंदी : नीतू सिंह : एपीजीईएस गीता देवी महाविद्यालय, उनवल गोरखपुर
एमए गृह विज्ञान : रीता मद्देशिया, भगवंत पांडेय महाविद्यालय, बोदरवार, कुशीनगर
एमए राजनीति विज्ञान : नम्रता पांडेय, सर्वोदय किसान महाविद्यालय, कौड़ीराम, गोरखपुर
एमए समाजशास्त्र : नीतू चौरसिया, राजा देवी महिला महाविद्यालय, सल्लहपुर, भटनी
बीकाम : उरुबा महफूज, इस्लामिया कालेज आफ कामर्स, गोरखपुर
एमकाम : विभा पांडेय, पं. हरिस्हाय डिग्री कालेज, बेलघाट
बीएड : अभया दुबे, सेंट जोसेफ कालेज फार वूमेन
एमएड : आंचल पांडेय, दिग्विजयनाथ एलटी प्रशिक्षण महाविद्यालय
एमए शिक्षा शास्त्र : अपूर्वा दुबे, दिग्विजयनाथ पीजी कालेज, गोरखपुर
बीएससी एजी : वैभव दुबे, नेशनल पीजी कालेज, बड़हलगंज,
एमबीबीएस : प्रांजल गर्ग, बीआरडी मेडिकल कालेज।

यह और अन्य खबरें देखें
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

द्वितीय काउंसिलिंग में सीटों का हुआ आवंटन

गोरखपुर : गोवि ने स्नातक व परास्नातक के विभिन्न पाठ्यक्रमों में पहली काउंसिलिंग के बाद रिक्त रह गईं सीटों पर प्रवेश के लिए दूसरी काउंसिलिंग की प्रक्रिया आगे बढ़ा दी है। रिक्त सीटों का आवंटन कर दिया गया है। सीट आवंटन के बाद अभ्यर्थियों को शुल्क जमा करने का तीन दिन का अवसर दिया गया है। प्रवेश प्रकोष्ठ समन्वयक प्रो. हर्ष कुमार सिन्हा ने बताया कि प्रमाण पत्र का सत्यापन 22 अगस्त तक किया जाएगा। (विज्ञप्ति)।

Amar Ujala
Page - 08,10

शान से लहराया तिरंगा...देशभक्ति गीतों से गूंजी फिजा

अमर उजाला 'मां तुझे प्रणाम' कार्यक्रम के तहत हुआ आयोजन, कुलपति ने कहा- देश को विकसित बनाने की शपथ लें

अमर उजाला की ओर से आयोजित मां तुझे प्रणाम कार्यक्रम के तहत गोरखपुर विश्वविद्यालय मुख्य द्वार के पास सामूहिक राष्ट्रगान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. पूनम टंडन, डॉ प्रकाश चन्द शाही आदि मौजूद रहे। अमर उजाला

कार्यक्रम में सेल्फी लेते एनसीसी कैडेट्स। अमर उजाला

भाषण, गीत, नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुति कर छात्र-छात्राओं ने खूब वाहवाही लूटी

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। अमर उजाला 'मां तुझे प्रणाम' के तहत बृहस्पतिवार को दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में ध्वजारोहण हुआ। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद यहां सामूहिक राष्ट्रगान हुआ।

राष्ट्रगान के बाद मंच पर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से जुड़ी विभिन्न प्रस्तुतियां दीं। कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। भाषण, गीत, नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुति कर छात्र-छात्राओं ने खूब वाहवाही लूटी। छात्रों के एक ग्रुप ने देशभक्ति गीत पर प्रभावशाली नृत्य प्रस्तुत किया। ओ देश मेरे, भारत का रहने वाला हूं भारत की बात सुनाता हूं, गीत पर नृत्य प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया।

कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। कहा कि हमारे लिए बहुत गर्व की बात है कि पूरा देश स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। असंख्य देशभक्तों ने आजादी के लिए बलिदान दिया है, जिसके लिए आज हम यहां खड़े हैं। हमें यह संकल्प लेना होगा कि जिस क्षेत्र में भी कार्यरत हैं उसमें बेहतर करने का प्रयास करें। देश को विकसित बनाने के लिए सभी अपना सर्वोत्तम प्रयास करने का शपथ लें, जिससे देश आगे बढ़े। छात्रों में काफी उत्साह है। अमर उजाला को इस पहल के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

पल्स हार्ट सेंटर के डॉ. प्रकाश चंद्र शाही ने कहा कि मैं अमर उजाला परिवार का आभार व्यक्त करता हूं कि आप लोगों ने 12 अगस्त से लगातार विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए लोगों को आजादी के महत्व के प्रति जागरूक किया।

मां तुझे प्रणाम कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक ऐश्प्रा डेवलपर्स हैं। आरके लक्ष्मी जनरल सेल्स लिमिटेड और परंपरा जेम्स एंड ज्वैल्स, सह प्रायोजक, नगर निगम गोरखपुर और दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय वैन्यू पार्टनर हैं। बिग एफएम रेडियो पार्टनर है।

ये हैं हमारी सहयोगी संस्थाएं
जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल, एचपी चिल्ड्रेन्स एकेडमी, स्प्रिंग स्टोन इंटर कालेज, संपर्क इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड, शाही ग्लोबल हॉस्पिटल, पल्स हार्ट सेंटर, के.आईपीएम इंस्टीट्यूट, जीपी एजुकेशन एकेडमी, दीप शिखा स्कूल, [illegible] ट्रेडिंग कंपनी, जगमग [illegible], तुलस्यान हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड, मधुसूदन दास पीजी कॉलेज, न्यू जया हॉस्पिटल, राहुल नर्सिंग होम, [illegible]

बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन
कार्यक्रम में बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। किसी ने नृत्य तो किसी ने देशभक्ति गीत सुनाकर मन मोहा। आर्या त्रिपाठी ने 'मैं भारत का दामन हूं दुश्मन से नहीं डरता' कविता सुनाकर सभी का ध्यान आकर्षित किया।

दूसरे राउंड की काउंसिलिंग जारी

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में स्नातक एवं परास्नातक के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए खाली सीटों पर दूसरी काउंसिलिंग का सीट आवंटन जारी कर दिया गया है।

बृहस्पतिवार को जारी इस आवंटन के बाद अभ्यर्थियों को तीन दिन शुल्क जमा करने का अवसर दिया गया है। शुल्क जमा करने के बाद अभ्यर्थी रसीद के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर मूल अंक पत्रों व उनकी एक स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ संबंधित विभाग/कार्यालय में उपस्थित होंगे। प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. हर्ष सिन्हा ने बताया कि सत्यापन का कार्य 22 अगस्त तक चलेगा। संवाद

डीडीयू : 43वें दीक्षांत समारोह में दी जाएंगी 200 शोध उपाधियां

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में 30 अगस्त को होने वाले 43वें दीक्षांत समारोह में करीब 200 शोध उपाधियां प्रदान की जाएंगी। ये पिछले कुछ वर्षों में दी गई उपाधियों के मुकाबले काफी ज्यादा है।

विश्वविद्यालय में पिछले एक वर्ष में शोध कार्य पर काफी जोर दिया गया है। इसकी प्रक्रिया को सरल करने, फाइलों के जल्द निस्तारण, परीक्षक की नियुक्ति, वाइवा आयोजित करने की वजह से यह संभव हो सका है। शोध उपाधि प्राप्त करने वालों में कुछ विदेशी छात्र भी शामिल हैं। दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल उपाधि प्रदान करेंगी।

स्वर्ण पदक में छात्राओं ने मारी बाजी : विश्वविद्यालय में इस बार 49 टॉपरों को स्वर्ण पदक दिए जाएंगे। इसमें 39 छात्राएं शामिल हैं। पिछले कई वर्षों से लगातार छात्राएं स्वर्ण पदक पर कब्जा जमा रही हैं। वहीं, इस बार 14 टॉपर संबद्ध कॉलेज से हैं, जिनको दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा।

कुलपति प्रो. पूनम टंडन का कहना है कि दीक्षांत समारोह में करीब 200 शोधार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएगी। यह पिछले कई वर्षों की तुलना में काफी ज्यादा है। इसमें कुछ विदेशी छात्र भी शामिल हैं। शोध प्रक्रिया को सरल करने और शोधार्थियों की समस्या को जल्द निस्तारित करने की वजह से ही यह संभव हो सका है। संवाद

पार्ट टाइम पीएचडी की समय सारिणी जारी

गोरखपुर। डीडीयू गोरखपुर विश्वविद्यालय में पार्ट-टाइम मोड में शोध के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 22 अगस्त से शुरू होगा। शोध एवं विकास प्रकोष्ठ की ओर से समय सारणी प्रवेश पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है। साक्षात्कार के लिए निर्धारित तिथि एवं समय पर संबंधित विभाग में अभ्यर्थियों को अपने सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र, नेट/स्लेट/सेट संबंधी प्रमाण पत्र, शोध अध्यादेश में वर्णित प्रावधानों के अनुरूप सेवा अनुभव प्रमाण पत्र, नियोक्ता द्वारा निर्गत नो आब्जेशन सर्टिफिकेट और शोध प्रकाशनों की दो सेट हार्डकापी लेकर उपस्थित होना अनिवार्य है। इस कारण वह इस प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे। संवाद

2724 विद्यार्थियों ने दी विशेष बैक परीक्षा

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में शुक्रवार को स्नातक माइनर और को-करिकुलर कोर्स में फेल छात्र-छात्राओं के लिए विशेष परीक्षा आयोजित की गई। सुबह की पाली में कई विद्यार्थियों के देरी से पहुंचने की वजह से उनकी परीक्षा छूट गई। हालांकि, दोनों पालियों को मिलाकर 2724 विद्यार्थी शामिल हुए। पहली पाली में पीएसवाई-100 में 2500 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे, जिसमें से 2335 ने परीक्षा दी। दोपहर में एचएससी 100 में 500 विद्यार्थी पंजीकृत थे, जिसमें 389 विद्यार्थी शामिल हुए। विश्वविद्यालय में शुक्रवार को पीएसवाई-100 और एचएससी-100 में फेल विद्यार्थियों की स्पेशल परीक्षा आयोजित हुई। कला संकाय परिसर में पीएसवाई-100 सुबह 9 से 10:30 बजे तक और एचएससी-100 की परीक्षा 12:30 से 2 बजे तक आयोजन किया गया। संवाद

Hindustan
Page - 03,07

डीडीयू के प्रशासनिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देतीं प्रो पूनम टंडन।

डीडीयू में कुलपति ध्वजारोहण कर किया पौधरोपण

गोरखपुर। डीडीयू में 78वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने प्रशासनिक भवन परिसर में ध्वजारोहण किया। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया। इस अवसर पर अधिष्ठातागण, अधिकारीगण और कर्मचारी उपस्थित रहे। कुलपति ने दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर पौधरोपण भी किया।

पार्टटाइम पीएचडी की समय सारिणी जारी

गोरखपुर। डीडीयू गोरखपुर विश्वविद्यालय में पार्ट-टाइम मोड में शोध के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 22 अगस्त से शुरू होगा। शोध एवं विकास प्रकोष्ठ की ओर से समय सारणी प्रवेश पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है। साक्षात्कार के लिए निर्धारित तिथि एवं समय पर संबंधित विभाग में अभ्यर्थियों को अपने सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र, नेट/स्लेट/सेट संबंधी प्रमाण पत्र आदि लेकर उपस्थित होना अनिवार्य है।

2724 छात्रों ने दी माइनर की विशेष बैक परीक्षा

गोरखपुर। गोरखपुर विश्वविद्यालय में शुक्रवार को स्नातक माइनर और को-करिकुलर कोर्स में फेल स्नातक अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं की विशेष परीक्षा आयोजित हुई। दोनों पालियों में मिलाकर करीब 3 हजार में से 2724 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। डीडीयू में पहली पाली में पीएसवाई-100 में करीब 2500 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे, इनमें से 2335 ने परीक्षा दी। दोपहर की पाली में एचएससी100 में 500 में पंजीकृत 500 में से 389 विद्यार्थी शामिल हुए।

विषम सेमेस्टर में पंजीकरण के लिए 18 तक मौका

गोरखपुर। डीडीयू में 2024-25 में विवि व संबद्ध राजकीय, अनुदानित व स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में संचालित नियमित व स्ववित्तपोषित कोर्स के विषम सेमेस्टर में प्रवेश-पंजीकरण फार्म अब 18 तक भर सकते हैं।

दूसरे राउंड की काउंसलिंग का सीट आवंटन जारी

गोरखपुर। गोरखपुर विश्वविद्यालय में स्नातक एवं परास्नातक के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए खाली सीटों पर दूसरी काउंसलिंग का सीट आवंटन जारी कर दिया गया है। गुरुवार को जारी इस आवंटन के बाद अभ्यर्थियों को तीन दिन शुल्क जमा करने का अवसर दिया गया है। शुल्क जमा करने के बाद अभ्यर्थी शुल्क जमा करने की रसीद के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने सभी मूल अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों और उनकी एक स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ संबंधित विभाग/कार्यालय में प्रमाण पत्र सत्यापन के लिए उपस्थित होंगे।

Amar Ujala Select
Page - 02 , 04, 06

दीक्षांत समारोह में दी जाएंगी 200 शोध उपाधियां

30 अगस्त को होगा गोरखपुर विश्वविद्यालय का 43वां दीक्षांत समारोह, विश्वविद्यालय में शोध कार्य में आई है तेजी

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में 30 अगस्त को होने वाले 43वें दीक्षांत समारोह में करीब 200 शोध उपाधियां प्रदान की जाएंगी। ये पिछले कुछ वर्षों में दी गई उपाधियों के मुकाबले काफी ज्यादा है।

विश्वविद्यालय में पिछले एक वर्ष में शोध कार्य पर काफी जोर दिया गया है। इसकी प्रक्रिया को सरल करने, फाइलों के जल्द निस्तारण, परीक्षक की नियुक्ति, वाइवा आयोजित करने की वजह से यह संभव हो सका है। शोध उपाधि प्राप्त करने वालों में कुछ विदेशी छात्र भी शामिल हैं। दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल उपाधि प्रदान करेंगी।

स्वर्ण पदक में छात्राओं ने मारी बाजी : विश्वविद्यालय में इस बार 49 टॉपरों को स्वर्ण पदक दिए जाएंगे। इसमें 39 छात्राएं शामिल हैं। पिछले कई वर्षों से लगातार छात्राएं स्वर्ण पदक पर कब्जा जमा रही हैं। वहीं, इस बार 14 टॉपर संबद्ध कॉलेज से हैं, जिनको दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा।

पार्ट टाइम पीएचडी की समय सारिणी जारी

गोरखपुर। डीडीयू गोरखपुर विश्वविद्यालय में पार्ट-टाइम मोड में शोध के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 22 अगस्त से शुरू होगा। शोध एवं विकास प्रकोष्ठ की ओर से समय सारणी प्रवेश पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है। साक्षात्कार के लिए निर्धारित तिथि एवं समय पर संबंधित विभाग में अभ्यर्थियों को अपने सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र, नेट/स्लेट/सेट संबंधी प्रमाण पत्र, शोध अध्यादेश में वर्णित प्रावधानों के अनुरूप सेवा अनुभव प्रमाण पत्र, नियोक्ता द्वारा निर्गत नो आब्जेशन सर्टिफिकेट और शोध प्रकाशनों की दो सेट हार्डकापी लेकर उपस्थित होना अनिवार्य है। इसके अभाव में वह इस प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे।

> दीक्षांत समारोह में करीब 200 शोधार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएगी। यह पिछले कई वर्षों की तुलना में काफी ज्यादा है। इसमें कुछ विदेशी छात्र भी शामिल हैं। शोध प्रक्रिया को सरल करने और शोधार्थियों की समस्या को जल्द निस्तारित करने की वजह से ही यह संभव हो सका है।
> - प्रो. पूनम टंडन, कुलपति

आजादी कुछ और नहीं बल्कि बेहतर बनने का एक मौका है: कुलपति

अमर उजाला की ओर से आयोजित मां तुझे प्रणाम कार्यक्रम में नृत्य करतीं युवतियां।

दिल्ली पब्लिक स्कूल मानीराम, गोरखपुर के प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ।

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में 78वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कुलपति कैंप कार्यालय पर ध्वजारोहण किया। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

मुख्य कार्यक्रम प्रशासनिक भवन परिसर में आयोजित किया गया। कुलपति ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। इसके बाद उन्होंने ध्वजारोहण किया। सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

कुलपति ने कहा आजादी शब्द हर किसी के मन में उल्लास और उमंग की संजीवनी भर देता है। आजादी कुछ और नहीं बल्कि बेहतर बनने का एक मौका है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि स्वतंत्रता दिवस के मौके को खुद को बेहतर बनाने के एक अवसर के रूप में आप सब देखेंगे ताकि अपने साथ-साथ विश्वविद्यालय को भी बेहतर बना सकें। ये अवसर उन महान राष्ट्र नायकों के प्रति श्रद्धा अर्पित करने का भी है जिन्होंने आजादी के बाद इस देश को दुनिया के सबसे तेजी से विकास करने वाले देश में बदलने का सपना देखा था। समाज के अंतिम व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने और उसे शिक्षित व समर्थ बनाने का संकल्प अभी पूरा नहीं हुआ है। श्रेष्ठ भारत और विकसित भारत बनाने का सपना अभी पूरा नहीं हुआ है। यह काम केवल सरकारों का नहीं है।

संविधान के प्रति प्रतिबद्धता का दिन है स्वतंत्रता दिवस

गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया। कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी ने एनसीसी कैडेट्स के मार्चपास्ट के बीच पंचकर्म भवन पर ध्वजारोहण किया। कुलपति ने कहा कि इस आजादी पर राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं संविधान में निहित आदर्शों व मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता सुनिश्चित कर हम सभी को देश व लोकतंत्र की प्रगति में अपना योगदान देना है।

बीए ऑनर्स में अनारक्षित प्रतीक्षा सूची का प्रवेश आज

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के बीए ऑनर्स में शनिवार को प्रथम पाली में अनारक्षित संवर्ग की प्रतीक्षा सूची से प्रवेश होगा। द्वितीय पाली में आरक्षित श्रेणी (एससी, एसटी एवं ओबीसी संवर्ग) की मुख्य सूची से प्रवेश होगा। प्रवेश समन्वयक प्रो. मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि शनिवार को बीए ऑनर्स में सुबह 10 बजे 12:30 तक अनारक्षित प्रतीक्षा सूची तृतीय से 72 अंक तक के अभ्यर्थियों का प्रवेश होगा। इसी के साथ सुबह 10 बजे से 12:30 बजे तक ईडब्ल्यूएस के सभी अभ्यर्थियों का भी प्रवेश होगा। दोपहर एक बजे से 3:30 बजे तक अन्य पिछड़ा वर्ग की मुख्य सूची से 70 अंक एवं अनुसूचित जाति की मुख्य सूची से 68 अंक तक के अभ्यर्थियों का प्रवेश होगा। अनुसूचित जनजाति (एसटी संवर्ग) के समस्त अभ्यर्थियों का प्रवेश होगा। इसी दौरान आरक्षित संवर्ग (ओबीसी, एससी एवं एसटी संवर्ग) के क्षैतिज आरक्षण (फ्रीडम फाइटर, पीएच, वीएच, ईडीपी, केडब्ल्यूएस, केएम, सैनिक पाल्य, डब्ल्यूडीपी) के सभी अभ्यर्थियों का प्रवेश होगा।

दूसरी काउंसिलिंग का सीट आवंटन जारी

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में स्नातक एवं परास्नातक के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए खाली सीटों पर दूसरी काउंसिलिंग का सीट आवंटन जारी कर दिया गया है। बृहस्पतिवार को जारी इस आवंटन के बाद अभ्यर्थियों को तीन दिन शुल्क जमा करने का अवसर दिया गया है। शुल्क जमा करने के बाद अभ्यर्थी रसीद के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने सभी मूल अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों और उनकी एक स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ संबंधित विभाग/कार्यालय में प्रमाण पत्र सत्यापन के लिए उपस्थित होंगे। प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. हर्ष कुमार सिन्हा ने बताया कि सत्यापन का कार्य 22 अगस्त तक चलेगा।

2724 विद्यार्थियों ने दी विशेष बैक परीक्षा

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में शुक्रवार को स्नातक माइनर और को-करिकुलर कोर्स में फेल छात्र-छात्राओं के लिए विशेष परीक्षा आयोजित की गई। सुबह की पाली में कई विद्यार्थियों के देरी से पहुंचने की वजह से उनकी परीक्षा छूट गई। हालांकि, दोनों पालियों को मिलाकर 2724 विद्यार्थी शामिल हुए। पहली पाली में पीएसवाई-100 में 2500 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे, जिसमें से 2335 ने परीक्षा दी। दोपहर में एचएससी 100 में 500 विद्यार्थी पंजीकृत थे, जिसमें 389 विद्यार्थी शामिल हुए। विश्वविद्यालय में शुक्रवार को पीएसवाई-100 और एचएससी-100 में फेल विद्यार्थियों की स्पेशल परीक्षा आयोजित हुई। कला संकाय परिसर में पीएसवाई-100 सुबह 9 से 10:30 बजे तक और एचएससी-100 की परीक्षा 12:30 से 2 बजे तक आयोजन किया गया। बता दें कि, पीएसवाई-100 में करीब तीन हजार और एचएससी-100 में करीब 700 विद्यार्थी फेल हो गए थे, जबकि वे अपने मूल विषयों में पास थे। क्वालीफाइंग पेपर में फेल होने के कारण उनका एक साल बर्बाद हो जाएगा। इसे देखते हुए परीक्षा समिति ने इन छात्रों की विशेष परीक्षा को मंजूरी दे दी थी।

Inext Page -04

डीडीयू में अनारक्षित प्रतीक्षा सूची का प्रवेश आज

GORAKHPUR (16 August):दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के बीए आनर्स प्रथम वर्ष पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आफलाइन काउंसिलिंग की प्रक्रिया अब अनारक्षित वर्ग से आरक्षित वर्ग की ओर बढ़ चली है. इस क्रम में शनिवार को पहली पाली में अनारक्षित वर्ग की प्रतीक्षा सूची में शामिल अभ्यर्थियों का प्रवेश होगा जबकि दूसरी पाली में एससी-एसटी और ओबीसी संवर्ग की मुख्य सूची के अभ्यर्थियों का प्रवेश होगा. प्रवेश समन्वयक प्रो. मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि शनिवार को बीए प्रथम वर्ष में सुबह 10:00 बजे दोपहर 12:30 बजे तक अनारक्षित प्रतीक्षा सूची के 72 अंक तक के अभ्यर्थियों का प्रवेश होगा. सुबह की पाली में 10:00 बजे से 12:30 बजे तक ईडब्ल्यूएस के समस्त अभ्यर्थियों का भी प्रवेश होगा. दूसरी पाली में दोपहर एक बजे से शाम साढ़े तीन बजे तक ओबीसी वर्ग की मुख्य सूची के 70 अंक और एससी की मुख्य सूची के 68 अंक के अभ्यर्थियों का प्रवेश होगा. एसटी के सभी अभ्यर्थियों को प्रवेश के लिए आमंत्रित किया गया है. प्रो. तिवारी ने बताया कि प्रवेश के लिए आने वाले सभी अभ्यर्थियों को अपने मूल प्रमाण पत्र के साथ आना होगा. चरित्र प्रमाण पत्र, स्थानांतरण प्रमाण पत्र और अद्यतन जाति व आय प्रमाण पत्र भी लेकर आना होगा. उधर प्रवेश शुरू होने के चौथे दिन शुक्रवार को कुल 350 अभ्यर्थियों का प्रवेश हुआ.

पार्टटाइम शोध के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 22 से

GORAKHPUR (16 August): दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के विभिन्न विषयों में पार्टटाइम शोध के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 22 अगस्त से शुरू होगा. इसे लेकर विश्वविद्यालय के शोध एवं विकास प्रकोष्ठ की ओर से जारी समय सारणी प्रवेश पोर्टल www.dduguadmission.in पर जारी कर दी गयी है. प्रमाण-पत्रों के विषय में प्रवेश विवरणिका और शोध अध्यादेश भी प्रवेश पोर्टल पर उपलब्ध करा दिया गया है. साक्षात्कार देने वाले अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि व समय पर संबंधित विभाग में शैक्षिक प्रमाण-पत्रों, अंकपत्रों, नेट-स्लेट, सेट संबंधी प्रमाण पत्रों और शोध अध्यादेश में वर्णित प्रविधानों के अनुरूप सेवा अनुभव प्रमाण-पत्र, नियोक्ता द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र, शोध प्रकाशनों की दो सेट हार्डकापी लेकर उपस्थित होना होगा. इनमें से किसी दस्तावेज के अभाव में अभ्यर्थी को प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होने से वंचित कर दिया जाएगा.

Swatantra Chetna
Page -05

झण्डे को सलामी देती कुलपति

आजादी कुछ और नहीं बल्कि बेहतर बनने का एक मौका है: कुलपति

गोरखपुर: दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में 78 वा स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया।

स्वतंत्रता दिवस समारोह की शुरूआत सुबह 7.30 बजे हुई। कुलपति प्रो पूनम टंडन ने कुलपति कैंप कार्यालय पर ध्वजारोहण किया तथा सुरक्षाकर्मियों ने कुलपति को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया।

शुरूआत कुलपति प्रो पूनम टंडन ने दीनदयाल उपाध्यायजी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया। कुलपति प्रो पूनम टंडन ने प्रशासनिक भवन परिसर में ध्वजारोहण किया तथा अपने संबोधन में सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

कुलपति ने कहा आजादी दुनिया का अकेला शब्द है जो हर किसी के मन में उल्लास और उमंग की संजीवनी भर देता है। ये मौका उन महान राष्ट्र नायकों के प्रति श्रद्धा अर्पित करने का भी है जिन्होंने आजादी के बाद इस देश को दुनिया के सबसे तेजी से विकास करने वाले देश में बदलने का सपना देखा था।उन्होंने कहा कि हम सब पर इस देश की आजादी को बरकरार रखने की जिम्मेदारी है। हम सब को भारत निर्माण में अपना अंशदान करना है। अपने अपने हिस्से के भारत को सर्वश्रेष्ठ बनाना। अपनी अपनी संस्थाओं को सर्वश्रेष्ठ बनाना। अपने कर्तब्यों को सर्वश्रेष्ठ ढंग से पूरा करना। इसी तरह अपने विश्वविद्यालय को भी एक ऐसे श्रेष्ठ संस्थान में बदल देना जहां विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा हासिल हो, शोध और नवाचार का उच्चतम वातावरण हो। जहां हम देश के लिए अच्छे वैज्ञानिक, अच्छे राजनेता, अच्छे खिलाड़ी, अच्छे सृजनकर्मी, अच्छे प्रशासक तैयार कर सकें।स्वतंत्रता दिवस पर क्रीड़ा परिषद द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो पूनम टंडन ने पौध लगाया।